निपुण भारत का लक्ष्य पूरा होगा, शिक्षकों को प्रशिक्षण

पौनी में मास्टर ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व ट्रेनर। संवाद

पौनी। नई शिक्षा नीति के साथ निपुण भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्थानीय राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में सरकारी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

दो दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी व न्यूमैरेसी मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग नाम से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हो गया। डिग्निटी एजुकेशन विजन इंटरनेशनल देवी संस्था लखनऊ के मास्टर ट्रेनर्स थॉमस डेनले, शिवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोग्राम मैनेजर अखिलेश नाथ त्रिपाठी ने शिक्षकों को अल्फा ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान स्कूल शिक्षा निदेशक नसीम जावेद चौधरी, संयुक्त निदेशक शसुबाह मेहता, मुख्य शिक्षा अधिकारी दीपक कुमार गुप्ता, जोनल एजुकेशन ऑफिसर राज कुमार, एकता खजूरिया, वर्षा खत्री आदि मौजूद रहे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले राजोरी और रियासी जिलों में शुरू हुआ है। आने वाले समय में इसका पूरे जम्मू संभाग में विस्तार किया जाएगा। सत्र के दौरान सभी शिक्षकों ने जोन रियासी को जम्मू संभाग में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया। वीरवार को सभी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संवाद